Anju Tamang - 11th IInd Sh Jammu wl

Kinnaur

सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा

"सड़क दुर्घटनाओं में ना
गवाओं अपने प्राण,
सड़क सुरक्षा नियमों को अपनाकर
करो नये युग का निर्माण।"

आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष हजारों लोगों की मृत्यु होती है और इसकी सबसे बड़ी वजह है- लापरवाही। जी हाँ, जब हम सड़क और यातायात के नियमों का पालन नहीं करते तब हमें ऐसी दुर्घटनाओं का शिकार बनना पड़ता है।

दुपहिया वाहन चालकों को चाहिए कि हमेशा हेलमेट पहनकर ही घर से निकलें और कार चालकों को हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। दूसरी तरफ ट्रक चालकों को ओवरलोडिंग से बचना चाहिए। इसके साथ ही सभी वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों और सिग्नलों को ध्यान में रखकर वाहन चलाना चाहिए।

"लाल बत्ती पर
कर लो प्रतीक्षा,
हमारी ज़िंदगी की
होगी सुरक्षा।"

जैसे-जैसे सड़कों पर वाहनों की संख्या बढ़ रही है वैसे-वैसे सड़क दुर्घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है।
सड़क पर दुपहिया वाहन चालक हेलमेट नहीं पहनते, कार चालक सीट बेल्ट नहीं लगाते, ट्रक चालक ओवरलोडिंग करते हैं, पैदल सड़क पर चलने वाले लोग भी ट्रैफिक की अनदेखा करते हैं- ऐसी ही अनदेखी भीषण दुर्घटनाओं को जन्म देती है। अगर हमें सड़क हादसों में कमी लानी है तो सबको जागरूक होना होगा।

Topic Date

का तोड़ना है तो उसके खिलाफ सख्त कदम उठाने की जरूरत है। जगह-जगह ट्रैफिक पुलिस की नियुक्ति करना चाहिए ताकि सख्ती से सड़क यातायात नियमों का पालन हो।

"जल्दबाजी से सख्ती
है आपकी जान,
इसलिए सदैव रखें
ट्रैफिक नियमों का ध्यान।"

ये सबसे जरूरी है कि आम लोग खुद जागरूक और समझदार बने। यातायात के नियमों को लोगों को समझना चाहिए और उनका पालन करना चाहिए।

स्कूलों में बच्चों को ट्रैफिक के नियमों के प्रति ज्ञान को बढ़ाना चाहिए ताकि आगे चलकर वो भी इनका पालन करें।

माता-पिता की भी ज़िम्मेदारी है कि अपने बच्चों को शिक्षित करें। अगर हम सब सड़क हादसों के कारणों को लेकर जागरूक बन जाएँ और आज से यह प्रण करें कि हम सब ट्रैफिक के नियमों का पालन करेंगे तो निश्चित तौर पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

इसे ही कहते हैं- "सड़क सुरक्षा, जीवन की रक्षा।"

"आओ मिलकर करें सड़क
सुरक्षा को पूर्ण,
सड़क सुरक्षा का पालन
करके करें इसे परिपूर्ण।"

"वाहन नियंत्रित गति
में चलाएँ,
जिम्मेदार नागरिक
का फर्ज निभाएँ।"

नाम- अन्जु मिमंग
कक्षा - ग्यारहवीं
स्कूल - राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घटसेरी